विधान सभा सचिवालय
मध्यप्रदेश
समाचार

विधान सभा अध्यक्ष ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

भोपाल. दिनांक 31अक्टूबर, 2024

विधान सभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं दीं।

विधान सभा अध्यक्ष श्री तोमर ने अपने संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश विकास की ओर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत् प्रक्रिया है जिसके लिए प्रशासनिक कुशलता तथा जन सहयोग से शांतिपूर्ण वातावरण में विकास को ऊंचाइयां प्रदान की जा सकती हैं तथा प्राकृतिक संपदा और संसाधनों का बेहतर उपयोग कर हमारा प्रदेश देश का श्रेष्ठ और विकसित राज्य बने ऐसी उन्होंने अभिलाषा व्यक्त की।

विस/जसं/24

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव